# होनहार प्रतिभा खोज परीक्षा (9th to 12th ) 2026

कुल समय: 1 घंटा 30 मिनट

**Paper Code-HPK005**

---

## परीक्षा विवरण / Exam Details

**कुल समय / Total Time:** 1 घंटा 30 मिनट / 1 hour 30 minutes

**कुल प्रश्न / Total Questions:** 75

**हिंदी / Hindi:** 50 प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक) / 50 questions (1 mark each)

**सामान्य ज्ञान / G.K. :** 25 प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक) / 25 questions (1 marks each)

---

## निर्देश / Instructions:

सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

*All questions are compulsory to attempt.*

प्रश्नपत्र में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें।

*Select the correct answer from the options provided.*

प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/4 अंक की कटौती होगी।

*1/4 marks will be deducted for each incorrect answer.*

कृपया सभी उत्तरों को समय सीमा के भीतर हल करने का प्रयास करें।

*Try to complete all answers within the given time limit.*

---

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं! / Best of luck for outstanding performance!**

**आयोजक / Organizer:**

होनहार प्रतिभा खोज परीक्षा

ChharBagh, Yamuna Road Firozabad( Uttar Pradesh )- 283203

Student's sign.

---

Invigilator's sign.

---

**विषय: हिंदी | कुल अंक: 50 | कुल प्रश्न: 50**

**1. ‘अविरल’ शब्द का सही अर्थ है—**
(A) लगातार (B) अस्थिर (C) सीमित (D) दुर्लभ

**2. ‘विपुल’ का अर्थ है—**
(A) बहुत अधिक (B) बहुत कम (C) कमजोर (D) साधारण

**3. ‘क्षीण’ शब्द का अर्थ है—**
(A) विशाल (B) कमजोर (C) कठोर (D) स्थिर

**4. ‘स्नेह’ का सही अर्थ है—**
(A) घृणा (B) प्रेम (C) क्रोध (D) भय

**5. ‘पराजय’ का अर्थ है—**
(A) सम्मान (B) विजय (C) हार (D) प्रयास

**6. ‘धैर्य’ का सही अर्थ है—**
(A) जल्दबाजी (B) सहनशीलता (C) घमंड (D) निराशा

**7. ‘कपटी’ शब्द का अर्थ है—**
(A) दयालु (B) ईमानदार (C) धोखा देने वाला (D) परिश्रमी

**8. ‘प्रयास’ का अर्थ है—**
(A) कोशिश (B) बाधा (C) भय (D) परिणाम

**9. ‘अनमोल’ का पर्यायवाची है—**
(A) मूल्यहीन (B) (B) अमूल्य (C) साधारण (D) सस्ता

**10. ‘निडर’ का विलोम शब्द है—**
(A) साहसी (B) निर्भीक (C) कायर (D) पराक्रमी

**11. ‘गंगा’ किस प्रकार की संज्ञा है?**
(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक (C) भाववाचक (D) समूहवाचक

**12. ‘सुंदर बालिका’ में ‘सुंदर’ है—**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम (C) विशेषण (D) क्रिया

**13. ‘बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।’ वाक्य में क्रिया है—**
(A) बच्चे (B) मैदान (C) खेल रहे हैं (D) में

**14. ‘उदय’ का विलोम शब्द है—**
(A) विकास (B) अस्त (C) आरंभ (D) प्रकाश

**15. ‘नाक कटना’ मुहावरे का अर्थ है—**
(A) सम्मान बढ़ना (B) अपमान होना (C) क्रोधित होना (D) प्रसन्न होना

**16. ‘पंकज’ शब्द का पर्यायवाची है—**
(A) कमल (B) पर्वत (C) बादल (D) सागर

**17. ‘आकाश’ का पर्यायवाची शब्द है—**
(A) पवन (B) गगन (C) पावक (D) नीर

**18. ‘उदार’ का विलोम शब्द है—**
(A) दयालु (B) कृपण (C) विनम्र (D) सहृदय

**19. ‘जो कभी न मरे’ के लिए एक शब्द है—**
(A) अजर (B) अमर (C) नश्वर (D) निर्जीव

**20. ‘दाँत खट्टे करना’ मुहावरे का अर्थ है—**
(A) भोजन करना (B) बुरी तरह परास्त करना (C) भयभीत होना (D) पछताना

**21. ‘राम ने पत्र लिखा।’ वाक्य में क्रिया है—**
(A) राम (B) ने (C) पत्र (D) लिखा

**22. ‘वह धीरे-धीरे चलता है।’ वाक्य में ‘धीरे-धीरे’ है—**
(A) संज्ञा (B) क्रिया विशेषण (C) सर्वनाम (D) विशेषण

**23. ‘ईमानदारी’ शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?**
(A) ई (B) दारी (C) दार (D) मान

**24. ‘असफल’ शब्द में उपसर्ग है—**
(A) अ (B) स (C) फल (D) असफ

**25. ‘विद्यालय’ का सही संधि-विच्छेद है—**
(A) विद्या + आलय (B) विद् + यालय (C) विद्या + लय (D) विद् + आलय

**26. ‘राजपुत्र’ में कौन-सा समास है?**
(A) द्वंद्व (B) बहुव्रीहि (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

**27. ‘नीलकमल’ में कौन-सा समास है?**
(A) कर्मधारय (B) द्विगु (C) द्वंद्व (D) बहुव्रीहि

**28. ‘जो दूसरों का उपकार करता हो’ के लिए एक शब्द है—**
(A) स्वार्थी (B) परोपकारी (C) अहंकारी (D) कृतघ्न

**29. ‘आँखों का तारा’ मुहावरे का अर्थ है—**
(A) अत्यंत प्रिय (B) बहुत क्रोधित (C) अत्यंत दुखी (D) बहुत चालाक

**30. ‘राम और श्याम विद्यालय गए।’ वाक्य में ‘और’ है—**
(A) संबंधबोधक (B) समुच्चयबोधक (C) विस्मयादिबोधक (D) क्रिया विशेषण

**31. ‘बालक पुस्तक पढ़ता है।’ वाक्य में ‘पुस्तक’ कौन-सा कारक है?**
(A) कर्ता (B) कर्म (C) करण (D) अपादान

**32. ‘जिसका कोई शत्रु न हो’ के लिए एक शब्द है—**
(A) अजातशत्रु (B) शत्रुघ्न (C) मित्रहीन (D) निर्भय

**33. ‘जलज’ शब्द का सही अर्थ है—**
(A) जल में रहने वाला प्रत्येक जीव (B) कमल (C) मछली (D) समुद्र

**34. ‘वह पढ़ चुका है।’ वाक्य में कौन-सा काल है?**
(A) सामान्य वर्तमान काल (B) पूर्ण वर्तमान काल (C) सामान्य भूतकाल (D) सामान्य भविष्यत् काल

**35. ‘अधर्म’ शब्द में उपसर्ग है—**
(A) अध (B) अ (C) धर्म (D) ध

**36. ‘जो कम बोलता हो’ के लिए एक शब्द है—**
(A) वाचाल (B) मितभाषी (C) वक्ता (D) निंदक

**37. ‘कनक’ शब्द का एक अर्थ ‘सोना’ है। इसका दूसरा प्रचलित अर्थ है—**
(A) गेहूँ (B) धतूरा (C) चाँदी (D) ताँबा

**38. ‘चार भुजाओं वाला’ के लिए एक शब्द है—**
(A) चतुर्भुज (B) त्रिभुज (C) षट्भुज (D) बहुभुज

**39. ‘अधजल गगरी छलकत जाए’ लोकोक्ति का अर्थ है—**
(A) ज्ञानी व्यक्ति कम बोलता है (B) अल्पज्ञ व्यक्ति अधिक दिखावा करता है (C) मेहनत का फल मिलता है (D) समय का सदुपयोग करना चाहिए

**40. ‘नौ दो ग्यारह होना’ मुहावरे का अर्थ है—**
(A) हिसाब लगाना (B) भाग जाना (C) प्रसन्न होना (D) एकत्र होना

**41. ‘यथाशक्ति’ में कौन-सा समास है?**
(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व (C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

**42. ‘दशानन’ शब्द में कौन-सा समास है?**
(A) द्विगु (B) बहुव्रीहि (C) द्वंद्व (D) अव्ययीभाव

**43. ‘महोत्सव’ का सही संधि-विच्छेद है—**
(A) महा + उत्सव (B) मह + उत्सव (C) महो + त्सव (D) महत् + सव

**44. ‘सदैव’ का सही संधि-विच्छेद है—**
(A) सदा + एव (B) सद + एव (C) सत् + एव (D) सदा + इव

**45. ‘वह कल आएगा।’ वाक्य में ‘कल’ शब्द है—**
(A) कालवाचक क्रिया विशेषण (B) स्थानवाचक क्रिया विशेषण (C) गुणवाचक विशेषण (D) संबंधबोधक

**46. ‘जिसका वर्णन न किया जा सके’ के लिए एक शब्द है—**
(A) अवर्णनीय (B) दर्शनीय (C) पठनीय (D) स्मरणीय

**47. ‘उसका मुख चंद्रमा के समान सुंदर है।’ इस वाक्य में कौन-सा अलंकार है?**
(A) रूपक (B) उपमा (C) अनुप्रास (D) यमक

**48. ‘चरण-कमल’ में कौन-सा अलंकार है?**
(A) उपमा (B) रूपक (C) अनुप्रास (D) श्लेष

**49. ‘कर’ शब्द का अर्थ ‘हाथ’ भी है और ‘कर/टैक्स’ भी। यह किसका उदाहरण है?**
(A) पर्यायवाची (B) विलोम (C) अनेकार्थक शब्द (D) समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द

**50. ‘अल्पज्ञ’ शब्द का सही अर्थ है—**
(A) बहुत ज्ञान रखने वाला (B) कम ज्ञान रखने वाला (C) ज्ञान देने वाला (D) ज्ञान से रहित व्यक्ति

**भाग – B : सामान्य ज्ञान (25 प्रश्न)**

1. भारत के पहले राष्ट्रपति कौन थे?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गांधी
(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (d) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

2. सूर्य ग्रहण कब होता है?
(a) जब पृथ्वी सूर्य के बीच आती है
(b) जब चंद्रमा सूर्य के बीच आता है
(c) जब सूर्य चंद्रमा के बीच आता है
(d) इनमें से कोई नहीं

3. भारत की राजधानी क्या है?
(a) मुंबई (b) कोलकाता
(c) नई दिल्ली (d) चेन्नई

4. ताजमहल किसने बनवाया?
(a) अकबर (b) बाबर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

5. भारत में कितने राज्य हैं?
(a) 28 (b) 29
(c) 30 (d) 31

6. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) बी. आर. अम्बेडकर (d) वल्लभभाई पटेल

7. 'जल जीवन मिशन' किससे संबंधित है?
(a) पेयजल आपूर्ति (b) शिक्षा
(c) स्वास्थ्य (d) कृषि

8. भारत रत्न से सम्मानित प्रथम महिला कौन थीं?
(a) इंदिरा गांधी (b) मदर टेरेसा
(c) लता मंगेशकर (d) सरोजिनी नायडू

9. हरित क्रांति का नेतृत्व किसने किया?
(a) सी. वी. रमण (b) एम. एस. स्वामीनाथन
(c) वरघीस कुरियन (d) होमी भाभा

10. तिरंगा झंडे में सबसे ऊपर का रंग होता है –
(a) हरा (b) नीला
(c) केसरी (d) सफेद

11. 'जय जवान जय किसान' नारा किसने दिया?
(a) महात्मा गांधी (b) अटल बिहारी वाजपेयी
(c) इंदिरा गांधी (d) लाल बहादुर शास्त्री

12. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) कौन सा है?
(a) NH-2 (b) NH-7
(c) NH-44 (d) NH-10

13. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का मुख्यालय कहाँ है?
(a) पुणे (b) दिल्ली
(c) श्रीहरिकोटा (d) बेंगलुरु

14. संसद का उच्च सदन कौन सा है?
(a) विधानसभा (b) लोकसभा
(c) राज्यसभा (d) राष्ट्रपति भवन

15. संविधान में कुल कितने अनुच्छेद (Articles) हैं?
(a) 395 (b) 448
(c) 444 (d) 460

16. 'भारत छोड़ो आंदोलन' कब शुरू हुआ था?
(a) 1935 (b) 1942
(c) 1947 (d) 1920

17. भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप कब जीता?
(a) 1983 (b) 1987
(c) 1996 (d) 2003

18. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस किस वैज्ञानिक की खोज को समर्पित है?

(a) होमी भाभा

(b) सी. वी. रमण

(c) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (d) विक्रम साराभाई

19. 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' किस क्षेत्र में दिया जाता है?

(a) खेल (b) विज्ञान

(c) चिकित्सा (d) सिनेमा

20. 'पंचतंत्र' की रचना किसने की थी?

(a) विष्णु शर्मा (b) कालिदास

(c) तुलसीदास (d) भास

21. भारत का राष्ट्रीय पशु कौन है?

(a) हाथी (b) बाघ

(c) शेर (d) गाय

22. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 5 जून (b) 10 अप्रैल

(c) 1 जुलाई (d) 15 अगस्त

23. भारत का पहला उपग्रह कौन सा था?

(a) आर्यभट्ट (b) भास्कर

(c) INSAT-1A (d) रोहिणी

24. 'डिजिटल इंडिया' योजना कब शुरू की गई थी?

(a) 2012 (b) 2014

(c) 2015 (d) 2016

25. 'माउंट एवरेस्ट' की ऊँचाई लगभग कितनी है?

(a) 8488 मीटर (b) 8848 मीटर

(c) 8890 मीटर (d) 8148 मीटर